卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 171 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦1 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✓ Shops ✓ Houses
✓ Industrial Property
✓ Commercial Property
✓ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

केजरीवाल को भेजा तिहाड़ जेल

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें तिहाड़ जेल ले जाने की तैयारी की जा रही है। रिमांड अवधि समाप्त होने पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सोमवार को केजरीवाल को राउज एवेन्यू की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया। अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे। बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अब उन्हें तिहाड़ जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। केजरीवाल पक्ष के वकील ने जेल में कुछ दवाईयां उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। साथ ही, तीन किताब की मांग की है, रामायण, हाउ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड बाय जर्नलिस्ट नीरज चौधरी, महाभारत। केजरीवाल के वकील ने स्पेशल डाइट की मांग की है। अरविंद केजरीवाल ने अपना लॉकेट, और टेबल चेयर भी मांगी है। अदालत ने कहा कि वह ईडी को समक्ष स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश (शेष पृष्ठ सात पर)

खनन वाहनों की चेकिंग के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग

बाजपुर(उद संवाददाता)। सुल्तानपुर पट्टी स्थित ग्राम पिपलिया बस स्टैंड के समीप रविवार रात खनन कारोबारियों एवं चेक पोस्ट कर्मियों के बीच विवाद के बाद बवाल हो गया। इस दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत फैल गयी। सूचना पर पहुंची भारी फोर्स ने स्थिति को काबू किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुल्तानपुर पट्टी के पिपलिया बस स्टैंडट के पास उत्तराखंड खनन माइनिंग चैक पोस्ट के श्रमिक वाहन ओवर लोडिंग एव रॉयल्टी चेक करने का कार्य कर रहे थे। वाहन चेकिंग के दौरान खनन माफियाओं एवं माइनिंग चैक पोस्ट के श्रमिकों के बीच कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि फायरिंग शुरू हो गई। खबर है कि विवाद (शेष पृष्ठ सात पर)

मोदी की रैली के लिए सजा मोदी मैदान, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल 2 अप्रैल को किच्छा बाईपास रोड पर स्थित मोदी मैदान में आयोजित होने जा रही चुनावी रैली की तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। रैली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को अभेद बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। जिसके लिए जहां महानगर में यातायात व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गों के मुहाने पर बेरिकेटिंग लगाने का काम भी पूरा हो गया है। नैनीताल रोड़ पर अटरिया मोड़ से लेकर डीडी चौक तक व डीडी चौक से किच्छा बाईपास मार्ग पर मोदी मैदान तक सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात कर दिये गये हैं। खेड़ा पुल से लेकर मोदी मैदान तक सड़क के दोनों ओर बैरिकेटिंग की गयी है। इसके साथ ही विकास भवन गेट, एसएसपी कार्यालय गेट, जिला चिकित्सालय गेट, मेडिकल कालेज गेट, रोड़वेज गेट, अम्बेडकर पार्क तिराहा, इन्द्रा चौक आदि स्थानों पर भी ड्यूटी पर पुलिस कर्मी मुस्तैद दिखाई दे रहे हैं। रैली स्थल पर नगर व आस पास क्षेत्रों के निवासी भारी संख्या में लोगों के आने की संभावनाओं को देखते हुए मोदी मैदान व इसके आस पास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चाक चौबंद किया गया है।डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता मोदी मैदान व इसके आस पास के स्थलों का गहनता से निरीक्षण कर रहा है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक न हो इसके लिए पुलिस अधिकारी निरंतर पैनी नजर जमाये हुए हैं। इसमें ड्रोन कैमरे की भी मदद ली जा रही है। इधर कार्यक्रम स्थल (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
शाम को उत्तरांचल दर्पण अखवार बांटने के लिए युवकों की।
-संपर्क करें-
9897427586

सुरक्षा के लिए गंगापुर रोड जीरो जोन घोषित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल होने जा रही रैली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। सुरक्षा लिए गंगापुर रोड को जीरो जोन घोषित किया गया है। साथ मोदी मैदान के आस-पास की सभी दुकानों को दो दिन के लिए बंद करवा दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर आज रिहर्सल भी की। बता दें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूद्रपुर में पांचवी रैली होने जा रही है। इस बार प्रधानमंत्री की रैली को लेकर सुरक्षा के इंतजाम पहले से भी सख्त है। इसका कारण यह भी है कि पिछले दिनों नानकमत्ता में हुए बाबा तरसेम सिंह हत्याकाण्ड के चलते जिले में रेड अलर्ट किया गया है। जिसके चलते पुलिस प्रशासन प्रधानमंत्री की रैली के दौरान सुरक्षा में कोई चूक नहीं होने देना चाहते। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए गंगापुर मोड़ से जेपीएस चौराहे तक के क्षेत्र को जीरो (शेष पृष्ठ सात पर)

हादसे में बाल-बाल बचा पूर्व विधायक शुक्ला का परिवार

शुक्ला बोले मेरी हत्या के लिये रचा था षडयंत्र

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा मार्ग पर मलसा मोड़ पर किच्छा से रूद्रपुर आ रहे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के परिवार की कार को अन्य कार चालक ने जोर से टक्कर मार दी । इस दुर्घटना में कार सवार शुक्ला के परिजन बाल बाल बच गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर । टक्कर मारने वाले कार चालक को वाहन सहित अपनी हिरासत में ले लिया। वहीं उधर दूसरी ओर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा है कि अज्ञात लोगों ने उन्हें मारने का षड़यंत्र रचा था जिसमें वह नाकामयाब हो गये। बताया जाता है कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की पत्नी शशी शुक्ला, दो भतीजे मनीष शुक्ला उसकी पत्नी विधी, सचिन शुक्ला उसकी पत्नी गीतांजली तथा पांच बच्चे कार संख्या यूके16-8888 में सवार होकर गत रात्रि किच्छा से रूद्रपुर की ओर आ रहे थे। मार्ग में मलसा मोड़ के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आती कार संख्या यूपी25 सी-9712 के चालक बरेली निवासी अभिषेक पुत्र पवन उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे विधायक शुक्ला की कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कार सवार चालक महेश सहित श्री शुक्ला के परिजन सकुशल बच गये। सूचना मिलते (शेष पृष्ठ सात पर)

कारसेवा बाबा के कातिलों की पांच दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

थाने में अधिकारियों ने डाला डेरा, थाने में फरियादी व पीड़ितों की एंट्री पर लगाई रोक

■ अनिल सागर

नानकमत्ता। डेरा कारसेवा बाबा की हत्या के पांच दिन बाद भी पुलिस फरार हत्यारों तक नही पहुंच पाई है। वही पुलिस के आलाधिकारियों ने थाने में डेरा डाल दिया है। थाने में आने वाले सभी व्यक्तियों की बकायदा रजिस्टर पर एंट्री की जा रही है। फरियादी और पीड़ितों को थाने में एंट्री बंद कर दी है। सुनवाई के लिए थाने के बाहर गेट पर अस्थाई दफ्तर बना महिला कर्मचारी को तैनात कर दिया गया है जहां पीएसी के भी जवान तैनात किए गये है। गौरतलब है कि 28 मार्च को डेरा कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की डेरे में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाईक सवार बदमाश रायफल लेकर कारसेवा परिसर में घुस गए थे। जिन्होंने घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। फरार हत्यारों की तलाश में पुलिस की कई टीमें उत्तराखण्ड के (शेष पृष्ठ सात पर)

रैकी करने के शक में डेरे के सेवादार से पूछताछ

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा की हत्या में रैकी करने के शक में पुलिस ने एक सेवादार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी सेवादार द्वारा बाबा के परिसर में निहत्था अकेले बैंठे होने की सटीक सूचना दी। अंदेशा ये भी है कि सेवादार को बाबा से अकेले मिलने की बात कहकर उसे अपने झांसे में लिया, जिसके लिए उसे किसी चीज का लालच दिया हो। पुंलिस ने सेवादार को पुछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जिस कमरें में हत्यारें रूके वहां के सराय इचार्ज से भी पूछताछ की जा रही है। 9 दिन तक बिना किराये दिए दोनों अपराधी किस की शह पर सराय में एसी रूम में रूके थे।

सोशल मीडिया पर हत्यारों के सर्मथन में वीडियो वायरल

नानकमत्ता। सोशल मीडिया में हत्यारों के पक्ष में वीडियों पोस्ट की जा रही है। फेसबुक एकाउण्ट से वीडियो शेयर घटना को सही बताते हुये हत्यारों के पक्ष में ब्यान दिए जा रहें है। सर्वजीत के फेस बुक पेज के बाद अब कई अन्य लोगोंद्वारा सोशल (शेष पृष्ठ 7 पर)

रुद्रपुर में रूट डायवर्ट: शहर में सभी वाहनों की नो एंट्री

जनसभा को लेकर पुलिस ने यातायात प्लान लागू किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो अप्रैल को होने वाली रैली को लेकर ऊधमसिंहनगर पुलिस ने यातायात प्लान लागू किया है। दो अप्रैल की सुबह पांच बजे से अग्रिम आदेशों तक जिले के बॉर्डर पर भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस के अनुसार एसएच हॉस्पिटल (सितारगंज), पुलभट्टा (पुलभट्टा), दरऊ चौक (किच्छा), लालपुर (किच्छा), बगवाड़ा मंडी कीरतपुर मोड (रुद्रपुर), रामपुर बॉर्डर (कोतवाली रुद्रपुर), जाफरपुर मोड़ (दिनेशपुर), महतोष मोड़, मोतियापुर मोड़ (गदरपुर), स्वार बॉर्डर दोराहा, बरहैनी (बाजपुर) लोहियापुल, पेंगा (आईटीआई), प्रतापपुर चौकी (काशीपुर) सूर्या बॉर्डर (कुण्डा), धर्मपुर बॉर्डर, नादेही बॉर्डर (जसपुर) से भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। रुद्रपुर शहर में सभी मालवाहक वाहन (छोटे व बड़े मालवाहक) पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सिडकुल से संचलित होने वाली बसों का सुबह सात बजे से सिडकुल चौक से रूद्रपुर शहर के अन्दर प्रवेश अग्रिम आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यक सेवाओं के वाहन जैसे दूध, ईधन गैस, फल, सब्जी तथा पेट्रोलियम पदार्थ सामान्य रूप से संचालित होंगे। रुद्रपुर के डीडी चौक से किच्छा बाई पास होते हुए तीनपानी तक समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। तीनपानी से जनसभा के लिए आने वाले वाहन (बस) पार्किंग स्थल तक आ सकेंगे। जेपीएस चौराहा से गंगापुर मोड़ तक पूरी तरह जीरो जोन रहेगा। नैनीताल, अल्मोड़ा की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहन (बस) डीडीचौक तक आएंगे व कार्यकर्ताओं को उतार कर वापस मेट्रोपोलिस तिराहा से विकास भवन होते हुए मंडी पार्किंग में अपने वाहनों को पार्क करेंगे। नैनीताल, अल्मोड़ा की ओर से कार्यक्रम में आने वाले छोटे वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था नैनीताल रोड किनारे सिंचाई विभाग एवं न्यू ट्रैफिक पुलिस लाइन के ग्राउंड में रहेगी। काशीपुर एवं रामपुर की ओर से कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वाहनों (बसों) के लिए पार्किंग व्यवस्था गांधी पार्क ग्राउंड में रहेगी। उक्त पार्किंग के भर जाने के बाद आदित्य नाथ झॉ इंटर कॉलेज के ग्राउंड में वाहनों को पार्क किया जाएगा। काशीपुर एवं रामपुर की ओर से कार्यक्रम में आने वाले छोटे वाहनों की पार्किंग व्यवस्था गांधी पार्क ग्राउंड के बाहर खाली जगह पर की जाएगी। किच्छा की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों (बसों) को एफसीआई के पार्किंग स्थल में पार्क किया जाएगा। यह पार्किंग के भर जाने के बाद वाहनों को एफएसएल के पास नगर निगम के खाली ग्राउंड में पार्क किया जाएगा। किच्छा की ओर से कार्यक्रम में आने वाले छोटे वाहनों को ऑचल दुग्ध डेरी के पास खाली यार्ड में पार्क किया जाएगा। तीन पानी से इन्द्रा चौक होते हुए गाबा चौक, गाबा चौक से डीडी चौक, डीडी चौक से सिडकुल चौक तक ई-रिक्शा पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

नमो के आगमन की भव्य तैयारियां,सीएम धामी आज पहुंचेगे

खेड़ा से मोदी ग्राउंड तक सड़के हुई चकाचक
बैरिकेडिंग लगाकर आतंरिक मार्ग बंद किए

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कल रूद्रपुर में नमो के आगमन को लेकर भव्य तैयारियां हो रही है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था एवं जनसभा में पहुंचने के लिए यातायात रूट 24 घंटे पहले ही लागू कर दिया गया है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आंतरिक मार्गो पर बैरिकेटिंग कर सड़कों को चकाचक कर दिया गया है। दो दिन पूर्व ही पीएम नरेंद्र मोदी की जनसभा प्रस्तावित हुई है और 48 घंटे के भी किच्छा बाईपास मार्ग पर संजय नगर खेड़ा से मोदी ग्राउंड तक नगर निगम एवं लोनिवि के सैकड़ों मजदूर मोदी मैदान तक साफ सफाई कर डिवाईडरों को रंग रोगन कर चकाचौध कर दिया है। वहीं मार्ग किनारे जमी हुई मिट्टी और घासफूस उखाड़ने के साथ ही सड़कों पर बने हुए गड्ढे भी पाट दिये गये हैं। प्रशासन ने मोदी मैदान की सुरक्षा बढ़ा दी है। मोदी मैदान में अतिक्रमण कर रह रहे सैकड़ों झोपड़ी झुग्गी वालों को भी हटा दिया गया है। उत्तराखंड में 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की पहली जनसभा की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। रूद्रपुर में मंगलवार को आयोजित होने वाली चुनावी जनसभा में कुमाऊं मंडल की दोनों लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के समर्थन में पीएम मोदी चुनावी जनसभा कर सियासी महासंग्राम का आगाज करेंगे। पीएम मोदी की जनसभा में प्रदेशभर से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही हजारों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। ऊधमसिंहनगर जिला प्रशासन ने मोदी ग्राउंड में मंच की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं भाजपा संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मोदी मैदान में डेरा डाल दिया है। बताया जा रहा है कि आज पीएम मोदी की जनसभा के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आज शाम रूद्रपुर पहुंचकर पीएम मोदी के भव्य स्वागत की रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे। सम्भावना जताई जा रही है कि मोदी जनसभा के साथ रोड शो भी कर सकते है।

सूटकेस में लापता युवती का कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

पुलिस ने 95 दिन बाद लिव-इन में रहने वाली प्रेमिका की हत्या का किया खुलासा
हत्या के बाद शव को जंगल में फेंकने वाले हत्यारोपित राशिद को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में फिर एक युवती सूटकेस में मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। युवती राशिद नाम के एक युवक के साथ लिव-इन में रहती थी। इसके बाद से करीब 95 दिन से लापता थी। शनिवार को उसका शव सूटकेस में सड़े-गले कंकाल के रूप में बरामद किया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुये बताया कि हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र निवासी महिला शहरुल जहाँ पत्नी जहीर हसन निवासी जमालपुर कला, थाना कनखल जनपद हरिद्वार ने बीती 29 जनवरी को कोतवाली पटेलनगर में एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी 23 वर्षीय पुत्री शहनूर के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। कहा कि वह पटेल नगर की संस्कृति विहार कॉलोनी में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। बताया कि बीते 26 दिसंबर से बेटी का कुछ अता पता नहीं है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की। इस दौरान पता लगा कि वह संस्कृति लोक कॉलोनी में राशिद नाम के युवक के साथ लिव-इन में रहती थी। मृतका के फोन की सीडीआर और अन्य साक्ष्यों से पुलिस ने आरोपित की पहचान 23 वर्षीय राशिद पुत्र मुर्सलीन निवासी बागोवाली थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में की। उसके पते पर दबिश दी तो वह गायब मिला। पुलिस ने इस दौरान आरोपित के आईएसबीटी पर लिए गए कमरे की निगरानी शुरू की। इधर शनिवार को यानी 1 दिन पहले पता चला कि आरोपित अपने कमरे से सामान उठाने के लिए पहुंचा है। इस दौरान आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ की गई तो उसने हत्याकांड की पूरी कहानी पुलिस को बताई। उसकी निशानदेही पर आशारोड़ी से सहानपुर की ओर करीब छह किलोमीटर आगे सड़क किनारे खाई से एक सूटकेस बरामद किया गया। उसमें युवती का सड़ा-गला कंकाल मिला। आरोपित को पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

खुलासा करने वाली टीम में इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी, एसएसआई मनमोहन नेगी, आईएसबीटी चौकी इंचार्ज विजय प्रताप राही, दरोगा सीमा ठाकुर, हेड कांस्टेबल अनूप मिश्रा, कांस्टेबल हितेश, पंकज मलासी शामिल रहे। लिव इन में साथ रह रही प्रेमिका की हत्या कर शव को सूटकेस में बंद कर दून-दिल्ली हाईवे किनारे खाई में फेंकने वाले हत्यारोपित राशिद को पुलिस ने करीब 95 दिन बाद गिरफ्तार किया, और उसकी निशानदेही पर ही सूटकेस में युवती का सड़ा-गला कंकाल बरामद किया। पुलिस ने आरोपित राशिद के हवाले से बताया कि आरोपी राशिद अपने गांव बागोवाली, मुजफ्फरनगर में मैकेनिक का काम करता था। 2017-18 में उसकी पहचान मोबाइल के माध्यम से युवती से हुई। उसके बाद से ही वे लगातार एक दूसरे के संपर्क में थे। सितंबर 2023 में वह युवती से मिलने देहरादून आया और उसके बाद संस्कृति लोक कॉलोनी, आईएसबीटी के पास एक कमरा किराये पर लेकर युवती के साथ रहने लगा। युवती से उसके काम के बारे में पूछने पर उसके द्वारा पार्लर में काम करना बताया था। लेकिन पार्लर का पता पूछने पर वो हमेशा बात टाल देती थी। युवती हमेशा रात में देरी से और कई बार अगले दिन सुबह कमरे पर आती थी। वजह पूछने पर हमेशा बातों को टाल देती थी। आरोपित को शक था कि युवती किसी प्रकार के गलत कामों में शामिल है। हत्यारोपी राशिद ने बताया कि 26 दिसंबर 2023 को वह देर रात तक कमरे में युवती का इंतजार करता रहा। लेकिन युवती 27 दिसंबर 2023 की सुबह करीब 2 बजे कमरे में आई। इस बात को लेकर आरोपित का युवती से झगड़ा हो गया। देरी से आने की वजह पूछने पर युवती द्वारा उसे अपने काम से काम रखने और उस पर नजर न रखने की बात कही। साथ ही राशिद को थप्पड़ भी मारा। इसके बाद गुस्से में राशिद ने युवती का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद अगले दिन राशिद युवती की स्कूटी लेकर पटेल नगर लालपुल की तरफ गया। जहां उसने युवती के एटीएम कार्ड से 17 हजार रुपये निकाले और उसके बाद लालपुर स्थित विशाल मेगा मार्ट से एक लाल रंग का बड़ा सूटकेस और मुस्कान चौक पर हार्डवेयर की दुकान से रस्सी खरीदी। इसके बाद राशिद अपने कमरे पर वापस आया। कमरे पर राशिद ने युवती के शव को सूटकेस के अंदर बंद किया और दोपहर के समय सूटकेस को युवती की स्कूटी की पिछली सीट पर बांधकर आशारोड़ी के आगे सुनसान जंगल में एक खाई में फेंक दिया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

सड़क हादसे में काशीपुर के दो सगे भाइयों समेत तीन मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोटद्वार में शनिवार तड़के हुए हादसे में नगर निवासी दो भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गईं। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजन कोटद्वार के लिए रवाना हो गए हैं, जहां पोस्टमार्टम के बाद वे शवों को अपने-अपने घर ले आए। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात नगर के मानपुर खालसा फार्म निवासी स्वर्ण सिंह (70) पुत्र प्रताप सिंह ट्रक लेकर कोटद्वार गए थे। बताया गया कि कोटद्वार के बीईएल रोड पर उनका ट्रक खराब हो गया था जिसे लाने के लिए आईटीआई थाना क्षेत्र के शंकरपुरी निवासी ट्रक मालिक सगे भाई नरेश सिंह (35) और अशोक सिंह (42) पुत्रगण स्व. इंदर सिंह ट्रक लेकर गए थे। शनिवार सुबह नगर निवासी तीनों लोग खराब ट्रक को क्रेन से लोड कर रहे थे तभी तेज गति से आए एक डंपर ने ट्रक को टक्कर मार दी। भीषण टक्कर के चलते तीनों लोग ट्रक और क्रेन के बीच में फंस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक स्वर्ण सिंह के बेटे लखविंदर सिंह ने बताया सूचना पर वह शनिवार सुबह कोटद्वार पहुंच गए थे। बताया गया कि स्वर्ण सिंह अपने पीछे दो बेटे लखविंदर सिंह और सतनाम सिंह, दो बेटी कुलदीर कौर व रजविंदर कौर को छोड़ गए हैं। चारों भाई-बहनों की शादी हो चुकी है। उधर, शंकरपुरी निवासी अशोक सिंह व नरेश सिंह के पड़ोसी रमेश ने बताया कि अशोक सिंह की एक 5 वर्षीय बेटी है जबकि नरेश सिंह की शादी हो चुकी है, लेकिन पत्नी लंबे समय से उनके साथ नहीं रहती है। बताया कि परिजन कोटद्वार से शव लेकर अपने पैतृक गांव नंगला (रामपुर) ले गए हैं। उधर स्वर्ण सिंह का शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया।

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने गूलरभोज मे की जनसभा

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने तूफानी दौरा कर चक्की मोड़ और गूलरभोज में जनसभाएं की प्रत्याशी भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार द्वारा की गई कल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से प्रधानमंत्री के 10 वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास व उपलब्धियां पर मोदी के नाम पर वोट मांगा। भाजपा

लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने गडार बस्ती गांधी मैदान में चुनावी जनसभा की कार्यकर्ता व लोगों ने जगह-जगह पर उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया। लोगों की भीड़ देखकर भावुक होकर गीत भी सुनाएं जिसका कोई नहीं है उसका मोदी है यारों यह सुनकर लोगों ने तालियां बजाई। सभा को विधायक अरविंद पांडे, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी संबोधित किया। 2 अप्रैल को मोदी मैदान रुद्रपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की गई है। इस अवसर पर भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किच्छा की युवती ने कोतवाली में काटा हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम सिरोलीकला किच्छा निवासी एक युवती ने आज कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा काटा। जब उसकी मां उसे लेने आई तो युवती ने उससे भी मारपीट की। बताया जाता है कि ग्राम सिरौलीकला किच्छा निवासी एक युवती को कोई व्यक्ति कोतवाली के पास घूमते पुलिस के सुपुर्द कर गया। पुलिस ने उसके परिजनों को इसकी जानकारी देकर बुलवाया। जब युवती की मां रूखसाना कोतवाली आई तो युवती ने उससे मारपीट शुरू कर दी। जिसे महिला उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी ने बचाया। युवती की मां ने बताया कि उसकी पुत्री 17 वर्षीय पुत्री मानसिक रूप से कमजोर है। उसका बरेली से उपचार चल रहा है। पिता वली मौहम्म्द मजदूरी करते है। उसने बताया कि बीमारी के कारण इसके पति ने इसे छोड़ दिया है। समाचार लिखे जाने तक युवती कोतवाली में ही मौजूद थी। पुलिस उसे समझाने का प्रयास कर रही है।

रंगे हाथ पकड़ा साइकिल चोर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लाइब्रेरी के बाहर से साइकिल चुराकर भाग रहे एक युवक को रंगे हाथ पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अमृता आश्रम बिठौरिया नंबर एक निवासी रजत पाण्डे पुत्र दीप चंद्र पाण्डे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी लाइब्रेरी के बाहर सीसीटीवी में साइकिल चोरी करता हुआ एक युवक दिखाई दिया। युवक साइकिल चुरा कर वहां से भाग गया। जब उसका पीछा किया गया तो उक्त युवक ने साइकिल एक दुकान की बेसमेंट में छिपा दी जिसे उसे वहां से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। साइकिल एवॉन रेपिडो मोहन सिंह बोहरा पुत्र सुरेश सिंह निवासी बिठौरिया की थी। पुलिस ने साइकिल चोर चेतन आर्या पुत्र सुरेश आर्या निवासी चौपुला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दुर्घटना के आरोपी स्कूटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुर्घटना के आरेपी स्कूटी सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक के पिता की ओर से पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम हरिपुर केशव पोस्ट अर्जुनपुर निवासी रवि प्रकाश पुत्र प्रकाश राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र रोहित कुमार अपनी बाइक से 26 मार्च को हल्द्वानी जा रहा थ। जब वह बरेली रोड में नागपाल शोरूम पुरानी आईटीआई के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी संख्या यूए04सी-6939 ने उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसके पुत्र की मौत हो गई। पीड़ित पिता ने दुर्घटना के आरोपी स्कूटी सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एसएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस एस पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वी तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूम धाम से मनाया गया। अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी-कक्षा नर्सरी में अबूतल्हा, कक्षा एलकेजी में मनन चंद, कक्षा यूकेजी में हम्माद खान, कक्षा एक में दिविशा अरोरा, कक्षा दो में शिवन्या एवं शिवांशी यादव, कक्षा तीन में वंशिका एवं लावन्या भाटिया, कक्षा चार में खुशी एवं स्मृति सचान, कक्षा पांच में मीनाक्षी गोस्वामी एवं शुभ, कक्षा छह में मुस्कान पुनियानी एव दिव्या, कक्षा सात में कृतिका आर्या एवं तन्वी, कक्षा आठ में दृष्टि पाल एव नवनीत सिंह विदूरी शामिल हैं। विद्यालय के चेयरमैन डी पी सिंह ने बच्चों को विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं सुविधा देने के वादे के साथ सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने विद्यालय पहुंचे सभी अभिभावकों का अभिनन्दन किया और प्रथम दस बच्चों को अपने हाथ से अवार्ड देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद देते हुए सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाया और भविष्य में अपने माता पिता एव विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश अरोरा, दानिश, धानी चन्द, आसिफ, मनोज कुमार आर्य, प्रवेश कुमार, आशीष कुमार, प्रदीप भाटिया, मंगत राम, प्रदीप सचान, भुवन गिरी, लाल बहादुर, अशोक पुण्यानि, राजेश कुमार खेडा, कैलाश चंद्रा, विजय प्रकाश, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

चाकू समेत एक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लोनिवि गोदाम के पास स्कूटी सवार एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पकड़ा गए आरोपी ने अपना मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मोहम्मदी चौक इन्दिरा नगर बताया। जब उससे स्कूटी संख्या यूके04एएच-3567 के कागजात दिखाने को कहा तो वह कागज नहीं दिखा पाया। पुलिस ने स्कूटी सीज कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

साहू समाज ने आयोजित किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहू समाज का होली मिलन समारोह व मां कर्मा बाई की जयंती अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम में आजीवन संरक्षक बाबूलाल साहू, संरक्षक दशरथ साहू,अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, महामंत्री रामबाबू साहू, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार, महिला अध्यक्ष शिवपति साहू ने मां कर्मा बाई की स्तुति कर दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में साहू समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा वैशणवी ग्रुप काशीपुर द्वारा रंगारंग होली के गाने के साथ बच्चों महिलाओं व पुरुषों ने फूलों की होली खेली।मंच का संचालन महामंत्री रामबाबू साहू , पूर्व अध्यक्ष महेश कुमार व शशि साहू ने संयुक्त रूप से किया। साहू समाज से सतीश साहू, पन्नालाल साहू, सोनूलाल साहू, मुकेश साहू, सुशील साहू, कमल साहू, अरविंद साहू, हेमंत साहू, हीरालाल साहू, रामस्वरूप साहू, संजय साहू, मनोज साहू, दिलीप साहू, राजेश साहू, अजय साहू, गीता साहू आदि ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग किया। शहर के कई गणमान्य व्यक्ति निवर्तमान महापौर जोगिंदर रौतेला , वैश्य महासभा के पूर्व महामंत्री विनीत अग्रवाल, विजय, महेंद्र कश्यप, नन्हे कश्यप, प्रताप रैकवाल, विजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अंत में साहू समाज के संरक्षक दशरथ साहू ने बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया तथा मां कर्मा बाई की जीवन के बारे में समाज के लोगो को जागरूक किया।अंत में फूलों की होली के साथ अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने समापन किया।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए मांगे वोट

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने रुद्रपुर में उधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में ताबड़तोड़ सभाएं कर और जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इधर उत्तराखंड प्रदेश प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा की अगुवाई में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का ग्रामीणों और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया स यहां श्रीमती रौतेला ने देश में महिलाओं की सुरक्षा, बेरोजगारी पर नियंत्रण, भ्रष्टाचार के खात्में जैसे प्रमुख मुद्दों के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ,पूर्व निगम पार्षद बबीता बैरागी,पूनम गुप्ता,मंजू जैन, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी। इधर छतरपुर डाम पर कांग्रेस नेत्री मीना पंत और खानपुर नंबर 1 में पूर्व निगम पार्षद बबीता बैरागी के आवास पर भी महिला कांग्रेस की सभा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया गया स संचालन ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत द्वारा किया गया।

उत्तराखंड में मतदाताओं की अंतिम सूची जारी

पांच लोकसभा सीटों के लिए इस बार 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता डालेंगे वोट, सर्विस मतदाताओं की संख्या 93 हजार 187 पहुंची

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की पांच में से हरिद्वार लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सबसे कम मतदाता वाली सीट टिहरी और अल्मोड़ा है, जिसमें महिला व पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग बराबर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी अंतिम मतदाता सूची के हिसाब से प्रदेश में इस बार 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा 20 लाख 35 हजार 726 मतदाता हरिद्वार लोकसभा सीट पर हैं, जिनमें 9,64,739 महिला, 10,70,828 पुरुष और 159 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। दूसरे नंबर पर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट है, जिसमें कुल 20,15,809 मतदाता हैं, जिनमें 9,68,636 महिला, 10,47,118 पुरुष व 55 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। तीसरे स्थान पर टिहरी लोकसभा सीट है, जिसमें कुल 15,77,664 मतदाता हैं। इनमें से 7,61,783 महिला, 8,15,819 पुरुष व 62 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। चौथे स्थान पर गढ़वाल लोकसभा सीट हैं, जहां 13,69,388 मतदाता हैं। इनमें 6,69,964 महिला, 6,99,408 पुरुष व 16 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। पांचवें स्थान पर अल्मोड़ा सीट है, जहां 13,39,327 मतदाता हैं। इनमें 6,54,916 महिला, 6,84,406 पुरुष और पांच ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं उत्तराखंड के 93 हजार से अधिक सर्विस मतदाताओं के लिए ई-पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस बार गढ़वाल लोकसभा सीट में सबसे ज्यादा 34 हजार सर्विस मतदाता होंगे। रविवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया, लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की पांच लोकसभा सीटों के लिए सर्विस मतदाताओं की संख्या 93 हजार 187 है, जिसमें टिहरी सीट पर 12,862, गढ़वाल सीट पर 34,845, अल्मोड़ा सीट पर 29,105, नैनीताल सीट पर 10,629 और हरिद्वार लोक सभा सीट पर पांच हजार 746 सर्विस वोटर चिह्नित किए गए हैं। सभी सर्विस मतदाताओं के लिए ई-पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सर्विस मतदाताओं के यूनिट कार्यालयों के सैन्य अधिकारियों से सक्षम स्तर पर सर्विस मतदाताओं को पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराने और पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर तक पहुंचाने के लिए अनुरोध किया गया है। कहा, प्रयास किए जा रहे हैं कि सर्विस मतदाताओं का मतदान प्रतिशत लगभग शत प्रतिशत हो। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के 90,845 में से 63,222 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए थे, जो कुल सर्विस वोटरों का लगभग 70 प्रतिशत था। डाक मतपत्र मतगणना दिवस के दिन सुबह आठ बजे तक आरओ के पास पहुंच जाने चाहिए। इसके बाद प्राप्त होने वाले डाक मतपत्रों पर मतगणना के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, राज्य में बनाए गए 11,729 पोलिंग बूथों में चुनावी पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी। राज्य के 5,898 पोलिंग बूथों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। कुछ पोलिंग बूथों पर माइक्रो ऑबजर्वर एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की जाएगी।

उत्तराखंड में भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी बेदाग

पांच लोकसभी सीटों पर 55 में से छह प्रत्याशियों का आपराधिक इतिहास

देहरादून। उत्तराखंड में पांच लोकसभा सीटों पर 2024 के आम चुनाव मे अधीकृति 55 प्रत्याशियों में से कुल छह का आपराधिक इतिहास है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की पांच में से चार लोकसभा सीटों पर दागदार प्रत्याशी हैं, जबकि अल्मोड़ा अकेली ऐसी सीट है, जहां चुनाव मैदान में मौजूद सभी आठ प्रत्याशी बेदाग हैं। उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। प्रदेश में दो मुख्य राजनीतिक दल भाजपा ने टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह, हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत, पौड़ी से अनिल बलूनी, नैनीताल से अजय भट्ट और अजय टम्टा को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने हरिद्वार से वीरेंद्र सिंह रावत, टिहरी से जोत सिंह गुनसोला, पौड़ी से गणेश गोदियाल, नैनीताल से प्रकाश जोशी और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से किसी भी प्रत्याशी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। इनमें आंदोलन के रास्ते राजनीति में आकर टिहरी लोकसभा के प्रत्याशी बने बॉबी पंवार के मुकदमों की फेहरिस्त लंबी है। पंवार पर दो जिलों में कुल आठ मुकदमे हैं। इसके अलावा हरिद्वार में उमेश कुमार की सूची भी लंबी है। उनके खिलाफ दो राज्यों और सीबीआई दिल्ली में भी मुकदमा दर्ज है। यही नहीं उमेश कुमार न्यायालय की अवमानना में दोष सिद्ध भी हो चुके हैं।बसपा ने पांचों लोकसभा सीटों में से दो पौड़ी और हरिद्वार में अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें हरिद्वार से बसपा के जमील अहमद चुनाव लड़ रहे हैं। जमील के खिलाफ मुजफ्फरनगर के ककरौली और शहर कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं। इनमें शहर कोतवाली में दर्ज मुकदमा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में हैं, जबकि पौड़ी से बसपा ने धीर सिंह को टिकट दिया है। धीर सिंह के खिलाफ सहारनपुर जिले में जालसाजी और धोखाधड़ी के पांच मुकदमे दर्ज हैं। पिछले साल अंकिता हत्याकांड के बाद चर्चाओं में आए आशुतोष सिंह पौड़ी लोकसभा सीट से उत्तराखंड क्रांति दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले दिनों उन्हें एससीएसटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार भी किया गया था। सिंह के खिलाफ कोतवाली पौड़ी में दो, कर्णप्रयाग, कोटद्वार, लैंसडौन आदि थानों में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। उन पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाना आदि आरोप हैं। उमेश के खिलाफ देहरादून के राजपुर में डरा धमकाकर आतंकित करने के आरोप में 2018 में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा रांची में राजद्रोह का मुकदमा दर्ज हुआ। राजपुर के मुकदमे में चार्जशीट पर संज्ञान आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट पेटिशन विचाराधीन है, जबकि रांची का मुकदमा विचाराधीन है। इसके साथ ही उनके खिलाफ सीबीआई में भी एक मुकदमा आपराधिक षड्यंत्र और सरकारी अधिकारी को रिश्वत का लालच देकर काम कराने के आरोप में दर्ज है। उमेश कुमार 2013 में न्यायालय की अवमानना के दोषी भी पाए गए थे। उन्हें रजिस्ट्रार कार्यालय में एक घंटे तक कुर्सी पर बैठने की सजा मिली थी।

माउंट लिटेरा जी स्कूल में ऐकडेमिक ऑनर्स असेंबली का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। माउंट लिटेरा जी स्कूल में ऐकडेमिक ऑनर्स असेंबली का शुभारम्भ जी लर्न की डा. किरन सिंह क्लस्टर स्कूल डायरेक्टर जी लर्न लिमिटेड के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वल्लन कर किया गया। सर्वप्रथम किंडरगार्टन सेक्शन के लिए माइलस्टोन फेलिस्टेशन के तहत सभी नन्हे मुन्ने बच्चों को उनके माइलस्टोन, सर्टिफिकेट्स इत्यादि उनकी क्लास फसिलिटेटर्स द्वारा किये गए । इस दौरान कोऑर्डिनेटर ने बच्चों की उपलब्धियों के बारे में बताया । इसके बाद कक्षा 1 से 11 के छात्रों को बेस्ट इन एकेडेमिक्स , बेस्ट इन कंडक्ट, मोस्ट रेगुलर स्टूडेंट व अन्य कई श्रेणियों में पुरुस्कार व प्रमाण पत्र भेंट किये गए। जिसमें विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र कक्षा 1 अथर्व और प्रत्यक्ष कक्षा 2 आज्ञाक्षी कक्षा 3, हरि प्रिया, इशलीन कक्षा 4 रवलीन, पाखी कक्षा 5 प्रत्युष, लव, कक्षा 6 देवांश, कक्षा 7 सारा, कक्षा 8अनीश, कक्षा 9 वैभव, कक्षा 11अक्षरा, शौर्यित और गुरप्रीत को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्लस्टर स्कूल डायरेक्टर जी लर्न लिमिटेड द्वारा सम्मानित किया गया। फेलिसिटेशन सेरेमनी के बाद डा. किरन सिंह के द्वारा आगामी सत्र में जी लर्न द्वारा लाये जा रहे आधुनिक व नवीनतम पाठ्यक्रम 'पेंटेमाइंड' (पंचकोश), नेशनल एजुकेशन पालिसी ऐलाइन्ड करिकुलम तथा 21स्ट सेंचुरी स्किल्स के बारे में विस्तार से बताया । उल्लेखनीय है कि जी लर्न एक मात्र ऐसी संसथान है जिसके पास अपना लर्निंग एप, रिसोर्स और डिजिटल कंटेंट है। उनके बताने के बाद सभी अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और सभी छात्र भी उत्साहित हो गए। समारोह के समापन पर प्रधानाचार्य संदीप नैथानी ने सभी छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर शुभकामनाएं दीं व अभिभावकों के प्रति आभार जताया । उन्होंने कहा की अच्छे परिणाम अभिभावकों के सहयोग से ही संभव होते हैं। उन्होंने बताया कि माउंट लिटेरा जी स्कूल आस-पास के क्षेत्र में एकमात्र स्कूल है जो सरकार के बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान पर वस्तुत: रूप से अमल कर रहा है व इसके तहत बालिकाओं को मासिक शुल्क में विशेष छूट भी दे रहा है। अंत में उन्होंने विद्यालय में दी जाने वाली और अधिक सुविधाओं के बारे में बताया व सभी को धन्यवाद देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जरनैल सिंह, कुंदन गोस्वामी, यादवेंद्र उपाध्याय, सुमन मन्ना, कृष्ण मिश्रा, गुरप्रीत सिंह, नितेश कुमार, गुंजन बिष्ट, साहिरा, अनामिका मिश्रा, रविंदर कौर, हेमंत पांडेय, सौरव, रूबी जैसवाल, सुखदीप कौर, आकांशा, अनामिका वर्मा व समस्त माउंट लिटेरा स्टाफ उपस्थित था।

अभियोजकों को दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संयुक्त निदेशक (विधि) डी0एस0 जंगपागी के निर्देशन में अभियोजन कार्यालय रूद्रपुर में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता आदि कानून के संबंध में समस्त अभियोजकों जनपद ऊधमसिंह नगर व पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि कानून लोकतंत्र का एक मजबूत स्तम्भ है इसलिए सभी अभियोजकों व पुलिस कर्मियों को संबंधित कानूनों की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कानूनों में संशोधन होते है इसलिए प्रशिक्षण के माध्यम से सभी को प्रशिक्षित किया जाता है ताकि सभी को वर्तमान मे प्रचलित कानूनों की जानकारियां हो सके व अद्यतन रह सके जिससे समाज व लोकतंत्र को और मजबूती मिल सके व लोगों का कानून व्यवस्था का समय पर लाभ मिल सके। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (विधि) श्री डी0एस0 जंगपागी, अभियोजक , पुलिस कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

कनाडा से ऑपरेट हो रहा सर्बजीत का सोशल मीडिया एकाउंट !

कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम के हत्यारोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी
नेपाल बार्डर पर एसएसबी ,आईबी सहित खुफिया एजेंसियो को भी किया अलर्ट

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर फरार हुए दोनों शूटर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। पुलिस शूटरों को पकड़ने के लिए विभिन्न राज्यों में दबिश दे रही हैं। जिले के विभिन्न हिस्सों के साथ ही रामपुर जिले के कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दोनों शूटरों पर इनाम रखने के बाद अब उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। बाबा तरसेम सिंह की हत्या करने के बाद दोनों शूटर सर्बजीत सिंह और अमरजीत सिंह पीलीभीत से होकर भागे थे। पुलिस लगातार दोनों की तलाश में यूपी से पंजाब तक दबिश दे रही है। सर्बजीत के सोशल मीडिया एकाउंट से उनके ढाका पहुंचने की पोस्ट चर्चा में है। एसएसपी के अनुसार पुलिस को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया पर कनाडा से यह पोस्ट की गई या फिर वे सही में ढाका पहुंच गए हैं यह जांच का विषय है। दोनों का इतनी जल्दी ढाका पहुंचना गले नहीं उतर रहा है। सूत्रों के अनुसार पंजाब पुलिस की मदद से तरनतारन में सर्बजीत के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। उसके परिजन और सहयोगियों से पूछताछ की जा रही है। जिले के विभिन्न जगहों के अलावा सीमा के लगे यूपी क्षेत्र से कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से पूछताछ की गई है। पुलिस मानने के लिए तैयार नहीं है कि दोनों शूटर इतनी जल्दी ढाका पहुंच गए हैं। इसे शूटरों का पुलिस को गुमराह करने का हथकंडा माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों शूटरों के पासपोर्ट नहीं बने हैं। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में शामिल शूटरों ने बेहद योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि जिस तरह से यह हत्याकांड हुआ है, वो बिना स्थानीय मदद के संभव नहीं है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सर्बजीत का सोशल मीडिया एकाउंट एक जगह से संचालित नहीं है। कनाडा से भी सोशल मीडिया एकाउंट का लिंक जुड़ रहा है। हालांकि अभी इसको लेकर पुलिस ज्यादा कुछ बताने से बच रही है। नानकमत्ता में 28 मार्च की सुबह दो बाइक सवारों ने कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करने के बाद मुख्य आरोपी तरनतारन पंजाब निवासी सर्बजीत सिंह और बिलासपसुर निवासी अमरजीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दे रही है। नानकमत्ता में भी पुलिस सराय इंचार्ज, सेवादार व कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर चुकी है। लेकिन अभी तक दोनों हत्यारोपियों के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिली है। बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया गया है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी का कहना है कि इसे जल्द ही बढ़ाया जा सकता है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी के अनुसार हत्याकांड में शामिल अपराधी का सोशल मीडिया एकाउंट बाहर से ऑपरेट हो रहा है। अलग-अलग जगहों पर मौजूद अपराधियों के सहयोग एकाउंट संचालित कर रहे हैं। पुलिस सोशल मीडिया के बजाय टेक्निकल इनपुट, मैनुअल और दूसरे तरीकों से अपराधियों को ट्रैक करती है। अपराधियों पर इनाम रखा गया है और लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। नेपाल का बॉर्डर सील है। एसएसबी, आईबी सहित एजेंसियों को अपराधियों के बारे में जानकारी दी गई है।

चुनाव से पहले अपने हथियार डाल चुकी है कांग्रेस: भट्ट

गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने किया धुंआधार जनसंपर्क

रूद्रपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट न रविवार को देर शाम तक गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में व्यापक जनसंपर्क कर लोगों से कमल का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान जगह जगह नुक्कड़ सभाओं में भाजपा प्रत्याशी ने उपलब्धियां भी गिनाई। साथ ही 2 अप्रेल को रुद्रपुर के मोदी मैदान मे प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महारैली में पहुँचने का आह्वान भी किया। भाजपा प्रत्याशी ने गदरपुर विधानसभा अंतर्गत जयनगर, कालीनगर, नेताजी नगर, दिनेशपुर, चक्की मोड़, गूलरभोज, सुखशांति नगर, नंदरपुर गांव, गदरपुर, सकैनिया, मसीत, रामनगर, गुमसानी, चकरपुर, और नंदपुर नरकाटोपा में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान इन स्थानों पर जनसभाएं एवं स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। लोगों ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का जगह जगह जोरदार स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने के लिए आश्वस्त किया।चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि चुनाव प्रचार में जो समर्थन उन्हें मिल रहा है उससे साफ जाहिर हो रहा है कि इस सीट से उनकी रिकार्ड मतों से जीत होने वाली है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने दस साल के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को नई ताकत के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया है। देश की 130 करोड़ जनता ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा किया और इस भरोसे ने 2014 से 2024 के बीच देश में शांति समृद्धि और विकास की स्पीड भी दिखाई।अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार हर आपदा में देशवासियों के साथ रही। कोरोना का टीका हो या फिर पोलियो और टिटनेस के टीके,सरकार ने वैक्सीन डिलीवरी दुर्गम इलाकों में सुनिश्चित कराई। मोदी सरकार ने लाखों लोगों का टीकाकरण करने का कार्य कराया। कई देशों को जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति की गई। स्वतंत्र भारत के इतिहास में इससे पहले गरीबों के लिए आवास निर्माण की ऐसी क्रांति कभी नहीं देखी गई। घर-घर जल पहुंचाने का काम किया। अब बेटियां दूर पानी लेने नहीं जाती है। वन नेशन वन राशन कार्ड का लाभ करोड़ों परिवार उठा रहे हैं। जीवन रक्षक दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सम्मान निधि योजना का लाभ सभी किसानों को दिया जा रहा है। जो कार्य छह दशक में नहीं हुए वह नरेंद्र मोदी सरकार ने दस वर्ष में करके दिखा दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत दस साल में दोगुनी सड़कें बनी। केन्द्र सरकार ने युवा, किसान,व्यापारी, महिलाओं सबके हित में योजनाएं बनाई हैं जिनका लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है।पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कई योजनाएं हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर लोग आत्मनिर्भर हो रहे है। मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों के चलते आज हौंसल पस्त हो चुके हैं। अजय भट्ट ने कहा कि कांग्रेस ने इस लोकसभा चुनाव में हथियार डाल दिए हैं। उनका कोई नेता फील्ड में नजर नहींआ रहा है। जबकि भाजपा का कमल खिलाने और 370 लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा का एक एक नेता और कार्यकर्ता उत्साह के साथ घर-घर दस्तक दे रहा है। खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड की पांचों सीटों पर जीत हासिल करने के लिए पसीना बहा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने सवाल उठाया कि क्या किसी मतदाता ने कांग्रेस प्रत्याशियों के अलावा उनकी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को चुनाव प्रचार करते देखा है। जबकि मतदान में सिर्फ 19-20 दिन बचे हैं। मैं इसलिए ये बात कह रहा हूं कि कांग्रेस की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा हों या दूसरे सीनियर लीडर सब उत्तराखंड से गायब हैं। कांग्रेस कंफ्यूज है इसलिए अभी तक अपने स्टार प्रचारकों की सूची तक नहीं बना पाई है। जबकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रोजाना दो से तीन जनसभाएं कर रहे हैं। एक तरह से उन्होंने पांच लोकसभा क्षेत्र में जनसभाएं करने का लक्ष्य बना रखा है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ मुख्य रूप से विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कमलेंद्र सेमवाल, खेमानंद जोशी, सुभाष गुंबर, अनादी रंजन मंडल, राकेश भुडडी,नरेश हुड़िया,सुरेश खुराना,राजेश गुंबर,अनिल जेटली,लवली हुड़िया,अंजू भुड्डी,मुस्कान चावला,तनीषा चावला,कुलवीरी चौधरी,सुरेश सुराना, सीमा सरकार, महेंद्र कालड़ा, कंचन नेगी आदि मौजूद थे।

भाजपाईयों ने मोदी मैदान में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो अप्रैल को होने जा रही शंखनाद रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मोदी मैदान के आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों स्वच्छता के लिए जागरूक किया और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने की अपील भी की। रैली स्थल के आस पास स्वच्छता अभियान का आयोजन प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय जी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कूड़ा एकत्र करने के के साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया। साथ ही लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में पहुंचने की अपील भी की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज बेहद लोकप्रिय हो चुका है। इस अभियान के सार्थक परिणाम सामने आये हैं। लोग स्वच्छता के लिए जागरूक हो रहे हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री के रूद्रपुर आगमन से पूर्व यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि रूद्रपुर में आयोजित होने जा रही प्रधानमंत्री की रैली ऐतिहासिक होने जा रही है। इस रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। साथ ही क्षेत्र के लोग भी प्रधानमंत्री के ओजस्वी विचारों को सुनने के लिए बेताब हैं। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि इस रैली के बाद भाजपा के पक्ष में चल रही लहर आंधी में तब्दील हो जायेगी और प्रदेश की पांचों सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। इस अवसर पर पूर्व मेयर रामपाल सिंह अमित नारंग सुरेश कोली विकास शर्मा ललित मिगलानी धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता सुनील ठुकराल, सुरेश विश्वास, धीरेन्द्र मिश्रा, विनय बत्रा, सुशील चौहान,, गजेंद्र प्रजापति, किरण वर्क , आशीष छाबड़ा, बिट्टू चौहान,कुंदन राठौर, भुवन गुप्ता, डा. राकेश सिंह, हरजीत राठी, प्रमोद मित्तल आदि समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता थे।

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वामन अवतार का किया सुंदर वर्णन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री अद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम में नौवें श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के पांचवे दिन भगवान विष्णु जी पर सम्पूर्ण कथा प्रवचन किया गया। इस दौरान कुरुक्षेत्र से पधारे संत त्यागपुरी जी महाराज,संत ध्यानपुरी एवं संत व्यासपुरी जी द्वारा भागवत पुराण के अनुसार भगवान विष्णु जी ने देवराज इन्द्र को स्वर्ग पर अधिकार देने के लिए वामन का अवतार की कथा का वर्णन किया गया।ऋषि कश्यप और देवमाता अदिति के पुत्र के रुप में भगवान विष्णु जी ने एक बौने ब्राहमण के रुप में जन्म लिया। इन्हें वामन अवतार से जाना जाता है। वामन अवतार श्री विष्णु भगवान के पांचवे अवतार थे।श्रीमद् भागवत कथा के सुन्दर प्रवचनों एवं भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर अशोक बजाज,विजय शर्मा,अशोक मिगलानी,दर्शन ठुकराल,राजेश मिगलानी, सुशील बजाज,हंसराज ग्रोवर,वेदप्रकाश बजाज,राजकुमार मुंजाल,केवल कृष्ण,भगवान दास,रमाकांत, आशा खुराना,रिया बजाज,ममता ठुकराल,पायल चावला,मीना तागरा,नेहा,सीमा गाबा,मन्नी बजाज सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ऐतिहासिक होगी पीएम मोदी की विजय शंखनाद रैली: रामपाल

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 अप्रैल को प्रस्तावित चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान में जुटे निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि 2 अप्रैल को रुद्रपुर के मोदी मैदान में आयोजित होने जा रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय शंखनाद रैली ऐतिहासिक होगी।यह रैली प्रदेश की पांचो सीटों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर कार्यकर्ता जी जान से जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मैदान में इससे पहले जो भी रैलियां हुई है वह सफल साबित हुई। इस बार की रैली भी भाजपा के लिए वरदान साबित होगी। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में पूरा माहौल भाजपा के पक्ष में है। कांग्रेस मुद्दा विहीन हो चुकी है। अंतर कलह से जूझ रही कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता के लिए चुनाव लड़ रही है कांग्रेस को चुनाव के लिए ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे थे जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल पूरी तरह टूट चुका है और अब कांग्रेस प्रत्याशियों को अपनी जमानत बचना भी भारी पड़ने वाला है।रामपाल ने कहा की मोदी की गारंटी पर पूरे देश की जनता को भरोसा है और डबल इंजन की सरकार जनता की उम्मीद पर खरा उतर रही है। रामपाल सिंह ने पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए 2 अप्रैल को मोदी मैदान में आयोजित शंखनाद रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी और मौर्य अकादमी ने जीते मैच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही है अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का नवां मैच वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी और विशेष क्रिकेट अकादमी के मध्य एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी ने 50 ओवरों के खेल में 458 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें मनराज सिंह महल ने 209 और वंश सक्सेना ने 122, आदित्य श्रीवास्तव ने 47 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। विशेष अकैडमी की तरफ से अश्मित सिंह ने चार और शुभ और अमृत सिंह ने दो विकेट लिए। जिसके जवाब में विशेष क्रिकेट अकादमी मात्र 84 रनों पर ऑल आउट हो गई। वॉरियर अकादमी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए सचिन सकलानी ने पांच विकेट, विपिन मौर्य और अरमान ने 2-2 विकेट लिए। वॉरियर क्रिकेट अकादमी ने विशेष क्रिकेट अकादमी को 383 रनों के विशाल अंतर से हराकर दो अंक प्राप्त कर लिए। दसवां मैच एमिनिटी पब्लिक स्कूल में मौर्य क्रिकेट अकादमी और डीपीसी क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया जिसमें मौर्य क्रिकेट अकादमी ने 50 ओवरों के खेल में 305 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मौर्य अकादमी की तरफ से अजीत गंगवार ने 77 प्रिंस कर ने 57 रनों का योगदान दिया। डीपीएस अकादमी की तरफ से नैतिक राजोरिया ने 3 मनोज कुमार और शुभांशु यादव ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीसी क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 244 रनों पर ऑल आउट हो गई। डीपीएस की तरफ से ऋतिक शुक्ला ने 57 शुभांशु यादव ने 49 और कुणाल ने 45 रनों का योगदान दिया। मौर्य अकादमी की तरफ से चेतन सिंह ने 3, हर्षित शर्मा और संस्कार श्रीवास्तव ने 2-2 विकेट लिए। मौर्य क्रिकेट अकादमी ने डीपीएस क्रिकेट अकादमी को 61 रनों से हराकर दो अंक और प्राप्त कर लिए हैं। इस मैच के अंपायर शैलेंद्र और अभिषेक गिरी ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद आमिर द्वारा की गई।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

चुनावी चंदे का हिसाब

राजनीतिक दलों को चुनाव के लिए मिलने वाले चंदे पर आयकर नहीं चुकाना होता मगर आयकर नियमों के मुताबिक उन्हें उसका पारदर्शी तरीके से हिसाब देना जरूरी होता है। ज्यादातर पार्टियां इस मामले में लापरवाही बरतती या जानबूझ कर हिसाब देने से बचती देखी जाती हैं। अब आयकर विभाग ने कांग्रेस के पुराने हिसाब-किताब में खामियां निकाल कर उस पर भारी जुर्माने का नोटिस भेजा है, तो राजनीति शुरू हो गई है। पहले ही कई वर्षों के चंदे का ब्योरा समय पर और ठीक-ठीक न देने की वजह से आयकर विभाग कांग्रेस के सारे बैंक खाते अपने कब्जे में ले चुका है। उसे कांग्रेस ने अदालत में चुनौती दी कि जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तब आयकर विभाग ने उसका सारा पैसा जब्त कर लिया है। अब आयकर विभाग ने अलग-अलग वर्षों के आय-व्यय का ठीक-ठीक ब्योरा न दिए जाने पर उसे 1823.08 करोड़ रुपए जुर्माने का नोटिस भेज दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर भी ऐसी ही अनियमितता के आरोप में ग्यारह करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। चूंकि आमचुनाव की रणभेरी बज चुकी है और कांग्रेस खाली हाथ हो गई है, इसलिए उसकी नाराजगी स्वाभाविक है। उसने भाजपा के चंदे का हिसाब-किताब निकाल कर दिखाया है कि उसने भी आयकर विभाग को उचित हिसाब नहीं बताया। उसके अनुसार भाजपा पर भी चार हजार छह सौ करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। यह ठीक है कि सभी राजनीतिक दलों को अपने चंदे का नियम के मुताबिक हिसाब देना चाहिए, लेकिन आयकर विभाग ने ऐसी गड़बड़ियों पर कार्रवाई का जो समय और तरीका चुना है, वह सवालों से परे नहीं माना जा सकता। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अगर कांग्रेस ने कई वर्ष पहले अपने चंदे का सही और समय पर हिसाब-किताब नहीं दिया था, तो उसकी यह गड़बड़ी ऐन चुनाव के वक्त ही क्यों नजर आई। फिर, क्या आयकर विभाग जो कार्रवाई अभी कर रहा है, वह थोड़ा रुक कर नहीं कर सकता था। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि कहीं यह कांग्रेस और भाकपा को चुनाव से बाहर करने का हथकंडा तो नहीं।

सदमे के बाद भाई ने भी तोड़ा दम

नैनीताल। रामनगर के सेमलखलिया गांव में रविवार को रिटायर्ड पोस्टमास्टर के निधन के बाद श्मशान घाट में सदमे के बाद उनके छोटे भाई का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया। एक ही दिन में दो भाइयों के निधन से गांव में शोक की लहर है। सेमलखलिया गांव निवासी डाक विभाग से सेवानिवृत्त केशवदत्त जोशी (78) का रविवार तड़के करीब 3 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। सुबह करीब 11 बजे पार्थिव शरीर को विश्रामघाट ले जाया गया। वहां दाह संस्कार के बाद परिवार के लोग मुंडन करा रहे थे तभी दोपहर करीब 12 बजे उनके छोटे भाई दुर्गादत्त जोशी (70) के सीने में तेज दर्द उठा। हार्टअटैक की आशंका में परिजन उन्हें तुरंत ब्रजेश हॉस्पिटल ले गए, जहां से उन्हें काशीपुर रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसें भी थम गई। इसके बाद दुर्गादत्त जोशी का भी बड़े भाई केशवदत्त की चिता के पास अंतिम संस्कार किया गया। इस मंजर को देखकर श्मशान घाट में मौजूद लोग अपने आंसू नहीं रोक सके।

70 साल की उम्र पार कर चुके आजीवन कारावास के 10 कैदियों को जेल से किया रिहा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार जिला कारागार रोशनाबाद में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 10 कैदियों को शासन के आदेश के बाद रविवार को रिहा कर दिया गया है। तीन सगे भाईयों सहित सभी 10 कैदियों को हत्या सहित कई मामलों ने अलग-अलग अदालतों ने उम्र कैद की सजा सुनाई थी। सालों बाद गुनाहों की सजा काटकर सलाखों से बाहर आने पर कैदियों को देखकर उनके परिवारों में खुशी की लहर छा गई। जेल प्रशासन के मुताबिक, हत्या व हत्या के प्रयास के मामले में प्रदेशभर की जेलों में सजा काट रहे कैदियों की उम्र 70 साल से अधिक होने के साथ ही उनके आचरण को लेकर शासन की ओर से रिपोर्ट मांगी गई थी। रिपोर्ट के आधार पर रोशनाबाद जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 10 कैदियों को रिहा करने के आदेश शासन ने जारी किए। जिसके बाद रविवार की सुबह सभी को हरिद्वार जेल से रिहा कर दिया गया। जेल प्रशासन के अनुसार, प्रेम पुत्र शीशराम सैनी को हत्या के मामले में 25 जनवरी 2003 से लेकर अब तक

12 साल 28 दिन की सजा काटी। योगेंद्र उर्फ गेंदर पुत्र बलजीत उर्फ बलो ने हत्या, आर्म्स एक्ट के मामले में सात जनवरी 2009 से अब तक 16 साल पांच महीने 16 दिन, नियाज पुत्र अब्दुल लईक ने 25 जुलाई 2013 से अब तक 12 साल एक दिन, गोविंद सिंह पुत्र दीवान सिंह को 18 दिसंबर 2003 को गैर इरादतन हत्या में सजा हुई। 11 साल चार महीने 20 दिन जेल में रहे। कबीर पुत्र गुलामुद्दीन ने हत्या के मामले में 22 अगस्त 2003 से अब तक 11 साल छह महीने 22 दिन, नईम पुत्र मजीद ने हत्या के प्रकरण में 22 अगस्त 2012 से अब तक 11 साल पांच महीने 25 दिन जेल में काटे। नूरहसन पुत्र मकसूद प्रधान ने हत्या के प्रयास, बलवे के मामले में 26 अप्रैल 2013 से अब तक 10 साल 10 महीने 19 दिन, लाला पुत्र चूढ़ा, छोटन पुत्र चूढ़ा, वेदपाल पुत्र चूढ़ा ने हत्या, मारपीट मामले में 30 अक्तूबर 2001 से अब तक 12 साल आठ महीने की सजा काटी।

पुलिस ने बरामद किए एक लाख 96 हजार

बागेश्वर (उद संवाददाता)।पुलिस अधीक्षक अंकित कोंडे के निर्देशन/नेतृत्व में बागेश्वर पुलिस आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु पूरी सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रही है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिले के समस्त थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों/जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले व्यतियों एवं वाहनों की सघन चौकिंग की जा रही है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कैलाश नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बालीघाट तिराहे पर वाहनों/संदिग्ध व्यक्तियों/संदिग्ध वस्तुओं की चौकिंग की जा रही थी।तभी एक वाहन में दो व्यक्ति बैठे थे।जिन्हें आचार संहिता के मद्देनजर रोककर पूछताछ व तलाशी ली गई।इस दौरान पुलिस को एक बैग में एक लाख 96 हजार की नकदी बरामद हुई।जिसके बाद कोतवाल नेगी ने योगेश कुमार पुत्र गिरधारी लाल निवासी हरिपुरा हरसान बाजपुर उधम सिंह नगर, व अजय भट्ट पुत्र ईश्वर दत्त निवासी तल्ला रामगढ़ थाना मुक्तेश्वर के पास से चेकिंग के दौरान एक लाख 96हजार दस रुपए की नकदी बरामद की। कोतवाली नेगी ने युवकों के पास मौजूद रकम को कोई ठोस आधार नही देने पर जब्त कर लिया। और युवकों से आचार संहिता में निश्चित धनराशि ही ले जाने की बात कही।जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों के पास बरामद रकम की जमा पैसे की रसीद युवाओं को देकर रकम जमा कर ली।वही कोतवाली पुलिस ने जमा रकम को चुनाव अधिकारी के पास जब्त की गई रकम का ब्यौरा भेज दिया।

संदिग्ध हालातों में कपड़ा व्यवसायी लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाला एक अधेड़ उम्र व्यक्ति बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने तहरीर

के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब व्यक्ति का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक पुष्प विहार कॉलोनी आवास विकास गली नंबर 2 काशीपुर निवासी प्रकाश चंद्र यादव 55 वर्ष की महाराणा प्रताप चौक के समीप रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। रोजाना की भांति बीते 29 मार्च को वह घर से सुबह दुकान पर आया लेकिन देर रात्रि तक वापस घर नहीं लौटा जबकि रात 9:00 बजे तक वह दुकान बंद कर घर पहुंच जाता था। काफी समय बीतने के बाद भी जब कपड़ा कारोबारी का पता नहीं चला तो परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब अधेड़ का पता लगाना शुरू कर दिया।

कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा भाजपा में शामिल

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस में इस्तीफों का सिलसिला थम ही नहीं रहा। चुनाव से पहले पार्टी के कई चर्चित चेहरे इस्तीफा दे चुके हैं। वहीं, आज नैनीताल लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। लोकसभा के अंतर्गत कालाढूंगी विधानसभा सीट से 2022 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े महेश चंद्र शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। महेश को शामिल कराने के लिए भाजपा ने बंद दरवाजे फिर से खोले हैं। महेश शर्मा ने 2017 में भी विस का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ा था। उनके कांग्रेस छोड़ने का कारण कांग्रेस नेता प्रकाश जोशी से चली आ रही राजनीतिक अदावत को माना जा रहा है। कांग्रेस ने प्रकाश जोशी को नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। महेश शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व सांसद नरेश बंसल ने उन्हें फूलमाला व पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। महेश शर्मा को भाजपा में लाने में कालाढूंगी से पार्टी विधायक बंशीधर भगत व महेंद्र अधिकारी की अहम भूमिका मानी जा रही है। अधिकारी ने ही इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात की थी। हालांकि पार्टी नई ज्वाइनिंग के लिए दरवाजे बंद कर चुकी थी, लेकिन दोनों नेताओं के आग्रह पर पार्टी ने ज्वाइनिंग के लिए फिर से दरवाजे खोले। इसमें पार्टी के लोस प्रत्याशी अजय भट्ट की भूमिका भी बताई जा रही है। महेश शर्मा के साथ उनकी पत्नी नैनीताल की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पूरन सिंह खनी, पूर्व जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन कुंदन सिंह बोहरा, नैनीताल कांग्रेस महासचिव सोहन सिंह नेगी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप नेगी समेत कई जन प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए। 2022 के विस चुनाव में शर्मा को 42 हजार से अधिक वोट मिले थे। वहीं भारतीय धार्मिक एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र जाजेड़ी, रविंद्र, हरिओम चौधरी, दीपक थपलियाल, मनजीत सिंह रावत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली।

कच्ची शराब समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। गश्त के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के तीन कारोबारियों को दबोचकर तलाशी में उनके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में जानकारी मिली है कि कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान ग्राम जगतपुर की ओर जाने वाली मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रहे उपरोक्त गांव निवासी गुरमुख सिंह उर्फ बंटी पुत्र कुलविंदर सिंह उर्फ निक्का को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पुलिस को 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इसी तरह कुंडेश्वरी पुलिस ने गांधीनगर खत्ता निवासी जसवीर सिंह उर्फ दिशा पुत्र कश्मीर सिंह को घर के पास से पड़कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। ऐसे ही टांडा उज्जैन चौकी प्रभारी मनोज जोशी ने हमराहियों के साथ गश्त करते हुए आवास विकास काशीपुर निवासी संजय पुत्र त्रिलोचन सिंह को शुगर मिल रोड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। इस तरह पुलिस ने कुल अवैध कच्ची शराब के तीन तस्करों को अलग-अलग स्थानों से पकड़कर उनके कब्जे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उनका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर अभियुक्तों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान शिवनगर, निकट शिव मंदिर रुद्रपुर निवासी गौरव सागर पुत्र नन्हेंलाल को छावनी ग्राउंड की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3 ग्राम स्मैक बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया।

पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न करें अधिकारी: अनुराधा पाल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने शनिवार देर सांय नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप लोक सभा चुनाव को स्वतंत्र निर्विघ्न व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु सौंपे गए कार्यों एवं दायित्वों को निर्धारित समय के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट, फार्म 12डी,रूट चार्ट,वाहन अधिग्रहण, सखी व मॉडल पोलिंग बूथ, वेबकास्टिंग, एमसीएमसी टीम द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया की निगरानी के साथ ही विज्ञापनों का प्री सेटिफिकेशन और कंट्रोल रुम पर आने वाली शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई समयबद्धता के साथ करने हेतु आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान में लगाये जाने वाले वाहनों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाने के साथ ही रूट चार्ट निर्धारित करने के निर्देश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी

को दिए। साथ ही कहा कि इस कार्य में लगे वाहन चालकों,परिचालकों को ईडीसी पत्र द्वारा सभी से मताधिकार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला एआरओ को स्ट्रांग रूम में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी से भी निगरानी कराने,ईवीएम मशीनों को स्टॉग रूम में रखने तक की पूरी प्रक्रिया के दौरान निर्धारित एसओपी का अनुपालन करने के निर्देश दिए। चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की भी जानकारी ली। उन्होंने नोडल अधिकारी प्रशिक्षण को निर्देशित किया कि कार्मिकों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के साथ ही उनको भोजन इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मॉडल व सखी बूथ पर भी सभी व्यवस्थायें समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर वेबकास्टिंग की जानी है उनमें नेटवर्क का सर्वे किया जाय। ताकि वेबकास्टिंग के दौरान नेटवर्क को लेकर कोई बाधा उत्पन्न न हो सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, नोडल अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी,एआरओ/उप जिलाधिकारी मोनिका,अनुराग आर्या, नोडल अधिकारी आदर्श आचार सहिंता/ एसडीएम जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ,नोडल अधिकारी खान -पान/जिला पूर्ति अधिकारी मनोज वर्मन, नोडल अधिकारी एमसीएमसी/ जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी सहितनोडल अधिकारी मीडिया सूचना अधिकारीसुरेश कुमार सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

बंदरों ने हमला कर वृद्ध व किशोर को किया घायल

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के ग्राम पंचायत मटेना में बंदरों ने हमला कर एक वृद्ध व एक किशोर को घायल कर दिया। स्वजन दोनों घायलों को सीएचसी बैजनाथ ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश है। ग्रामीणों ने शीघ्र घायलों को मुआवजा दिए जाने व बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है। रविवार को बंदरों ने मटेना गांव में जमकर आतंक मचाया। घर के पास ही खेत में काम कर रहे हरीश खोलिया पुत्र कमलापति खोलिया उम्र 62 पर बंदरों ने अचानक हमला कर दिया। बंदरों ने उनके कान के दो टुकड़े कर दिए और हाथ भी काट दिया। उनके चीखने-चिल्लाने पर स्वजन मौके पर पहुंचे और बमुश्किल उन्हें बचाया। इसके बाद बंदरों ने आंगन में खेल रहे गौरव पांडे पुत्र विजय शंकर पांडे उम्र 10 वर्ष पर भी हमला कर उसका हाथ काट दिया। इन दो घटनाओं से मटेना गांव के ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर लंबे समय से गांव में आतंक मचा रहे हैं। बंदरों के हमले में अब तक गांव के दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। मटेना के ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट, उप प्रधान नीमा बड़सीला, क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र पांडे, वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला, नंदाबल्लभ पांडे, लक्ष्मी दत्त खोलिया, ख्याली दत्त जोशी, गिरीश खोलिया, बीडी पांडे आदि ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों की समस्या से निजात दिलाने व घायलों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोक सभा नैनीताल उधम सिंह नगर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का पुरानी अनाज मंडी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिचंद छाबड़ा,बुक्सासमाज के वरिष्ठ नेता नंदराम एवं पूर्व प्रत्याशी रहे समाजसेवी फिरंगी लाल द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक यशपाल आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी स्वयं पर भरोसा ना रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। 5 वर्ष के कार्यकाल के अंतिम दिनों में वह प्रचार प्रसार में जुटे हैं जबकि उनकी आधे से अधिक सांसद निधि भी खर्च न करने की वजह से लैप्स हो चुकी है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए जन-जन तक संपर्क करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं से कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से चुनाव जिताने का आह्वान करते हुए कहा कि जन-जन तक पहुंच करते हुए भाजपा की कुटिल चालों से जनता को अवगत कराएं। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा, वह जन सेवा को मुख्य मुद्दा बनाते हुए चुनाव के लिए जनता के सेवक बनाकर अपील कर रहे हैं ,उन्होंने एक बार सेवा का मौका देने का आह्वान किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एक जुट होकर जन-जन तक कांग्रेस की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद कापड़ी ने कहा कि लोगों को बेवकूफ बनाकर भाजपा द्वारा राज करते हुए गरीब लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। महिला उत्पीड़न पर चर्चा करते हुए उन्होंने मणिपुर की घटना को शर्मनाक बताया।वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी द्वारा सांसद निधि को 40% तक खर्च किया गया। शेष राशि लैप्स हो चुकी है जोकि जन कल्याण में लगाई जा सकती थी।पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह विष्ट ने कहा कि रक्षा राज्य मंत्री रहे अजय भट्ट के कार्यकाल में चलाई गई अग्नि वीर योजना से युवाओं का भविष्य अंधकारमय बनाया जा रहा है,जो कि 3-4 वर्ष के कार्यकाल के उपरांत बेरोजगार होकर अपने घरों में बैठने को मजबूर हो रहे हैं।इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, कार्यकारी नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा,पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिनाथ विश्वास,खेमपुर जिला पंचायत सदस्य कुमारी सुमन ,वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री ममता हालदार, सुमित्रा भुल्लर, पूर्व जिपं सदस्य संदीप चीमा,प्रधान मनोज देवराड़ी,चंदन नयाल, कार्यक्रम का संचालन कर रहे रामविलास साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने की अपील की। इस मौके पर सिद्धार्थ अरोरा ,टीकम खेड़ा, प्रेम सिंह,विजय भुड्डी,किशोर सामंत, जकीउल्लाह खान ,संजीव अरोड़ा, इंद्रपाल सिंह संधू ,मिकी भगत, शराफत अली मंसूरी ,वंश शर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर विर्क, डॉ श्याम सिंह,अजय गाबा,राजेश बाबा, राजू बठला, जयराम ,आनंद अग्रवाल, नित्यानंद मंडल, नारायण हालदार, निमाई मंडल, मनोज कुमार, कुंदन लाल ,केहर सिंह, सुशील कुमार,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नजमा बेगम,कमला, इंदिरा देवी, विद्या देवी, राधा ,बृजमोहन ,विकास तनेजा, संजीव आर्य, बृजेश बिल्लन, पूर्व जिप सदस्य टेक चंद कंबोज, सरफराज अहमद,ताहिर अली अशोक ठकराल, प्रधान शफीक अहमद ,प्रधान भूरा, प्रधान फुरकान अहमद, प्रधान दिलशाद हुसैन, प्रधान विजय कुमार,प्रधान मंगत कंबोज, प्रधान त्रिलोक सिंह,जावेद सैफी, नंदन सिंह सोमनाथ वाधवा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रकाश जोशी ने दिग्गज नेताओं के साथ निकाला रोड शो

बाजपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव को नजदीक आते ही सभी पार्टियों ने अपना दमखम दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार भाजपा एवं कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों का दौरा करने में लगे हुए हैं और लगातार जनसभाएं भी कर रहे हैं। इसी के तहत कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी बाजपुर पहुँचे। जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। रोड शो में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पार्टी समर्थक उपस्थित रहे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, पूर्व विधायक संजीव आर्य, सपा यूथ ब्रिगेड के महासचिव अरविन्द यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह मौजूद रहे। रोड शो नगर से होता हुआ भगत सिंह चौक पहुँचा, जहाँ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किसानों के धरना स्थल पर भी पहुँचा, किसानों से भी वार्ता की। इस दौरान किसान नेता रंजीत सिंह सोनू ने कहा कि चाहे भाजपा हो या कांग्रेस किसी भी पार्टी के नेता ने हमसे ये नहीं कहा कि आप चुनाव का बहिष्कार न करें केवल प्रशासन ही हमसे मतदान करने को बार बार आग्रह कर रहा है। पूर्व विधायक संजीव आर्य भाजपा नेताओं की तुलना 20 गाँवों के भूत से कर दी। उन्होंने कहा किसान 244 दिनों से 20 गाँवों की भूमि के मालिकाना हक के लिए आंदोलन कर रहे है। इसके बाद भी यदि 20 गाँवों के भूत जीत जाते हैं तो उन्हें किसी भी आंदोलन का कोई फर्क नहीं पड़ता। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हम इस चुनाव में उन मुद्दों को सामने लाना चाहते हैं जिससे देश एवं प्रदेश की जनता प्रभावित हुई है। महँगाई, बेरोजगारी, पलायन सबसे बड़ी समस्या है। खनन माफियाओं का राज चल रहा है, कघनूनी व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी हैं। सभा के दौरान सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि पार्टी ने एक जिम्मेदारी मुझे दी है और पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और जीत हासिल करेगी। राष्ट्रव्यापी गठबंधन के चलते सभी लोग मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं समर्थन भी मिल रहा है।

तेज धूप और बढ़ते तापमान ने तोड़ा रिकार्ड

हल्द्वानी। गर्म हवा और तेज धूप के साथ हल्द्वानी में लगातार दूसरे दिन तापमान ने कई साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। रविवार को हल्द्वानी का तापमान 36.3 डिग्री पहुंच गया जो पिछले 15-16 सालों में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। हल्द्वानी का न्यूनतम 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि मुक्तेश्वर का अधिकतम 21.4 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इससे पहले 31 मार्च 2021 को हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 36 डिग्री गया था हालांकि इस बार यह और ज्यादा है। एक दिन पहले शनिवार को भी उमस भरी गर्मी में तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था जो 30 मार्च को 15 सालों में सबसे अधिक रिकार्ड किया गया। पंतनगर विवि के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह के अनुसार इस साल अप्रैल माह में हर दिन तापमान का नया रिकार्ड बनेगा जो कई सालों का कीर्तिमान बनाने जा रहा है। नैनीताल नगर में रविवार को दिनभर मौसम खुशनुमा रहा। सुबह नगर के आसमान में बादल छाए हुए थे, लेकिन दस बजे के बाद धूप खिलने लगी थी। दिन में अच्छी धूप रही, लेकिन शाम को फिर बादल आने शुरू हो गए। शाम को हल्की ठंड रही।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने गोपाल सेन पुत्र भीम सेन निवासी 12 फैमिली बैकुण्ठपुर शक्तिफार्म को 35 पाउच कच्ची अवैध शराब के साथ 12 फैमिली आरसीसी रोड के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम मे चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, अपर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह बोरा,कॉस्टेबल भारत भूषण आदि शामिल थे।

तीन साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे 2022 विस चुनाव के 24 प्रत्याशी

देहरादून। 2022 का विधानसभा चुनाव लड़े प्रदेश के 24 लोग अगले तीन साल तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। भारत के निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा क के तहत इन सभी व्यक्तियों को अयोग्य माना है। इन सभी ने आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराई। इस संबंध में आयोग ने चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य किए गए लोगों के नामों की सूची जारी कर दी है। सल्ट से राकेश नाथ, भोले शंकर आर्य, ललित मोहन सिंह को 23 मार्च 2023 से 23 मार्च 2026 तक अयोग्य करार दिया गया है। जागेश्वर के मनीष सिंह नेगी, हरिद्वार ग्रामीण साजिद अली। पौड़ी से हरी कुमार, बागेश्वर से अमरीश कुमार, पिरान कलियर से शहबान, बीएचईएल रायपुर अजय कुमार व इशांत कुमार, रुड़की से गुलबहार, गंगोलीहाट से रेखा, खानपुर से मनोरमा त्यागी, घनसाली से विजय प्रकाश, कोटद्वार से महिमा चौधरी, किच्छा से उबेद उलाह खान उर्फ नवाब राशिद खान, रायपुर से अमर सिंह सवेदिया, रायपुर रोड से रामू राजोरिया,जसपुर नफीस आजाद। पौड़ी से हरी कुमार, बागेश्वर से अमरीश कुमार, पिरान कलियर से शहबान, बीएचईएल रायपुर अजय कुमार व इशांत कुमार, रुड़की से गुलबहार, गंगोलीहाट से रेखा, खानपुर से मनोरमा त्यागी, घनसाली से विजय प्रकाश, कोटद्वार से महिमा चौधरी, किच्छा से उबेद उलाह खान उर्फ नवाब राशिद खान, रायपुर से अमर सिंह सवेदिया, रायपुर रोड से रामू राजोरिया,जसपुर नफीस आजाद।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली नं. रुद्रपुर
E-mail: [illegible]
Web: [illegible]
05944-246817

तुरसेड़ा गांव में पहली बार पहुंचा वाहन

कांडा(उद संवाददाता)।लंबे समय के बाद आखिरकार तुरसेड़ा गांव में वाहन पहुंच गया है। गांव में वाहन पहुंचते ही लोगों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। खुशी में झूमे लोगों ने मिष्ठान वितरण किया। अब यहां के लोगों को बेरीनाग तथा जिला मुख्यालय जाने के लिए सहूलियत होगी। सड़क के अभाव में प्रवस पीड़िताओं व बीमार बुजुर्गों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य व जिला बनने के बाद से बागेश्वर जिले के अंतिम गांव तुसरेड़ा के लोग सड़क की मांग कर रहे थे। यहां गांव पिथौरागढ़ व बागेश्वर की सीमा पर बसा है। सड़क के अभाव में यहां से लगातार पलायन होता रहा। ग्रामीण सड़क के लिए कई बाद अनशन तक कर चुके थे। अब बेरीनाग से उनके गांव के लिए कच्ची सड़क बन गई है। शनिवार को पहली बार गांव में एक जीप सवारी लेकर पहुंची। जैसे ही गांव में वाहन पहुंचा ग्रामीणों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने वहां पहुंचकर वाहन की पूजा की और जश्न मनाया। सामाजिक कार्यकर्ता खुशाल धानिक, पूर्व प्रधान मादो सिंह, भूतपूर्व सैनिक विशन सिंह भंडारी, कमल भंडारी, आन्नद सिंह ने कहा कि अब सड़क बनने से यहां के लोगों की दिक्कतें दूर होंगी। सबसे अधिक परेशानी प्रसव पीड़िताओं व बुजुर्गों को उठानी पड़ रही थी। पहली बार वाहन आया है अब यहां लगातार वाहन आएंगे। इससे पलायन पर भी रोक लगेगी। जो लोग सड़क के अभाव में गांव नहीं आ रहे थो वह भी जाएंगे।

पेज एक का शेष...

केजरीवाल को भेजा..देती हैं, क्योंकि वह ट्रायल कोर्ट के आदेश के अनुसार हिरासत में हैं। अदालत यह स्पष्ट करती हैं कि उन्होंने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ईडी ने न्यायिक हिरासत की मांग की है। एएसजी ने कहा कि केजरीवाल ने अभी तक पासवर्ड साझा नहीं किए है। रमेश गुप्ता और एएसजी राजू वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़े। एएसजी राजू ने आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। अदालत को ये सब बताने का मकसद है कि ईडी आगे भी केजरीवाल की हिरासत की मांग कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट परिसर में पेशी पर आने के दौरान कहा कि जो पीएम कर रहे है। वह देश की लिए सही नहीं है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ईडी आप को खत्म करना चाहती है।

कारसेवा बाबा के कातिलो...साथ यूपी,पंजाब, हरियाणा में डेरा डाले हुये है। इसके अलावा पुलिस बाबा तरसेम से जुड़े विवाद भी जांच में जुटी है। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती ये कि बाबा से जुड़े विवाद जिसमें डेरा व गु0 कमेटी, तराई महासभा,सम्पत्ति विवाद, खालिस्तानी कनेक्शन के साथ राजनैतिक संम्बध समेत अन्य कई बिन्दुओं पर फोकस किए हुये है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस के आलाधिकारियों ने थाने में डेरा डाल दिया है, थाने के भी बिना ईजाजत जाने की अनुमति नही है, यहां तक फरियादी व पीड़ितों की भी सुनवाई नही हो रही है। पीड़ितों को बाहर से ही टरका दिया जा रहा है। एक महिला कर्मचारी को टैण्ट लगाकर बाहर गेट पर दफ्तर का कामकाज निपटाने के लिए बाहर बैंठा दिया है। ऐसे में थाने में आने वाले पीड़ित बिना सुनवाई के वापस जा रहें है। थाने में एस पी सिटी मनोज कत्याल, एसपी अभय सिंह सहित कई टीमें लगी हुई है।

मोदी की रैली...पर मंच का निर्माण अंतिम चरण पर है। जिसके आस पास सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। मंच पर किन जनप्रतिनिधियों को स्थान दिया जाना है। इसकी सूची भी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद तैयार कर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर रैली के सम्पूर्ण आयोजन की ड्रोन कैमरे के द्वारा वीडियो बनाने की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं चप्पे चप्पे पर खुफिया पुलिस की संदिग्ध लोगों पर संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रहेगी। रैली स्थल पर जाने से पूर्व मोदी मैदान में लोगों की मैटल डिटेक्टर व अन्य सुरक्षा यंत्रों से जांच भी की जायेंगी।

हादसे मे आल बाल बचा...ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गये और उन्होंने अभिषेक को कार सहित अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया जाता है कि घटना के समय अभिषेक नशे की हालत में था। उसका कहना था कि वह बरेली से रूद्रपुर मेट्रोपॉलिस किसी कार्य से आया था और वह वापिस जा रहा था। इधर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की निन्दा करते हुये कहा कि यह उनकी हत्या के लिये षडयंत्र रचा हुआ था। उन्हे भी इसी कार से किच्छा से रूद्रपुर आना था लेकिन परिजनों के कारण वह दूसरी कार में सवार थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खनन वाहनों की चेकिंग...के दौरान करीब बीस से तीस राउंड फायरिंग हुई। मामले की सूचना जैसे ही पुलिस प्रशासन को मिली पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुँची और मामले को शांत कराया। बता दें कि उत्तराखंड खनन माइनिंग चैक पोस्ट का ठेका कैलाश रिवर बेड मिनरल को मिला हुआ है। फरवरी में हुए ठेके के आदेश के अनुसार खनन क्षेत्र में जहाँ से वाहन खनन लेकर गुजरते हैं वहाँ पर चैक पोस्ट लगायी जाए एवं बैरियर लगाकर ओवरलोडिंग एवं रॉयल्टी की जाँच की जा जाए। यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसकी जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारी को दी जाएगी। ममाले में सुल्तानपुर पट्टी नगर निवासी खनन कारोबारी माजिद हुसैन पुत्र हामिद हुसैन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका डंपर पेट्रोल पंप से डीजल फीलिंग कराकर सुल्तानपुर पट्टी की तरफ आ रहा था। तभी अचानक ग्राम पिपलिया बस स्टैंड के सामने कुछ हथियार व लाठी डंडों से लैस लोगों ने डंपर रोक कर हैल्पर के साथ मारपीट की और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। सूचना मिलते ही माजिद हुसैन जब अपने मित्र मोहित कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचा तब माइनिंग कर्मचारियों ने माजिद की कार पर भी फायरिंग करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें मोहित व डंपर का कंडक्टर गंभीर रुप से घायल हो गए।

सुरक्षा के लिए गंगापुर...जोन घोषित किया है। दोनों ओर बैरिकेटिंग लगायी है साथ ही मोदी मैदान के कोने पर स्थित सब्जी मण्डी को भी दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। मोदी मैदान के सामने स्थित दुकानों को भी दो दिन के लिए बंद कराया गया है। दोपहर को पुलिस प्रशासन ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल भी की। साथ ही दोपहर को कैबिनेट मंत्री सोरभ बहुगुणा ने मोदी मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा भी लिया। सुरक्षा के लिए पूरे इलाके में आईटीबीपी और पुलिस के जवान कल शाम से ही तैनात कर दिये गये हैं।

सोशल मीडिया पर..मीडिया पर हथियारों का समर्थन किया जा रहा है। खालिस्तानी अमृत पाल का भी एक वीडियो कारसेवा बाबा का नाम लेते वायरल हो रहा है जो कि पुराना बताया जा रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

स्कूलों से छात्रों का 'पलायन', कैसे बनेगा 'नया उत्तराखंड'

सरकार के स्कूलों से छात्रों के बढ़ते पलायन के बीच हुआ नए शिक्षण सत्र का आगाज, 1671 सरकारी स्कूलों में लटका ताला प्रदेश के 3573 सरकारी स्कूल बंद होने की कगार पर, बंद हुए स्कूलों के भवनों के दूसरे इस्तेमाल की सरकारी योजना तैयार फिनलैंड एवं स्वीटजरलैंड की शिक्षाप्रणाली के अनुसरण के सरकारी दावे को की हवा निकाल रहे बंद होते सरकारी स्कूल

-अर्श-

रूद्रपुर। यूं जान पड़ता है, जैसे पलायन का उत्तराखंड से चोली दामन का साथ है। राज्य निर्माण के बाद से तमाम सरकारी कोशिशें के बावजूद आज तक पहाड़ से पलायन तो रुक नहीं पाया और अब सरकार अपने स्कूलों से लगातार हो रहे छात्रों के पलायन को रोकने में भी पूरी तरह बेबस नजर आ रही है। कदाचित यही कारण है कि सरकार छात्र विहीन हो चुके सरकारी स्कूलों के भवनों के अन्य सार्वजनिक उपयोग पर गंभीरता से विचार कर रही है और सरकारी स्तर पर काफी हद तक इसकी कवायद आरंभ भी कर दी गई है। जबकि होना तो यह चाहिए था, कि छात्र विहीन हो चुके सरकारी स्कूलों में छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार के स्तर पर कोई कारगर योजना तैयार की जाती ।पर ऐसा लगता है जैसे सरकार ने शासकीय विद्यालयों से लगातार हो रहे छात्रों के पलायन की समस्या पर हाथ खड़े कर दिए हैं। यह हालत तब हैं ,जब सरकार में बैठे लोग फिनलैंड एवं स्वीटजरलैंड की शिक्षा प्रणाली की तर्ज पर राज्य की शिक्षा नीति एवं सरकारी विद्यालयों के कायाकल्प तमाम के दावे करते हुए नहीं अघाते तथा इस दावे को धरातल पर उतरने के लिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री के साथ विभागीय अधिकारियों की एक टीम चार दिन फिनलैंड और स्विटजरलैंड का दौरा भी कर चुकी है।ऐसे में बड़ा सवाल तो यह है कि जब उत्तराखंड अपने नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा ही नहीं दे पाएगा, तो नए एवं सक्षम उत्तराखंड का निर्माण कैसे होगा? राज्य के शिक्षा विभाग की ताजा रिपोर्ट तो इस सवाल को और भी बड़ा कर देती है। शिक्षा विभाग की विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के सरकारी स्कूल लगातार छात्रविहीन हो रहे हैं। हाल यह है कि 1,671 सरकारी विद्यालयों में ताला लटक गया है, जबकि अन्य 3573 बंद होने की कगार पर हैं ।हैरानी की बात यह है कि 102 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें हर स्कूल में मात्र एक-एक छात्र ही अध्ययनरत हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड में आज से नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है, लेकिन दुर्भाग्यवश नया शिक्षा सत्र के शुरू होने से पहले राज्य के कई विद्यालयों में ताला लटक गया है और अब इन विद्यालय भवनों के इतर इस्तेमाल की तैयारी की जा रही है। बताना होगा कि शिक्षा महानिदेशालय ने हाल ही में राज्य के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों से जिलों में बंद हो चुके विद्यालयों की रिपोर्ट तलब की थी । जिलों से मिली रिपोर्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य सामने आया है कि उत्तराखंड 3,573 शासकीय विद्यालयों में छात्र संख्या 10 या फिर इससे भी कम रह गई है।इसमें सबसे अधिक 785 स्कूल पौड़ी जिले के हैं, जबकि सबसे कम तीन स्कूल हरिद्वार जिले के हैं । उल्लेखनीय है कि राज्य में पौड़ी एकमात्र ऐसा जिला है, जिसमें सबसे अधिक 315 स्कूलों में ताला लटक चुका है, जबकि ऊधमसिंह नगर जिले में सबसे कम मात्र 21 स्कूल बंद हुए हैं। कुल मिलाकर छात्र न होने की वजह से राज्यभर में कुल 1,671 स्कूल बंद हो चुके है। इनमें अल्मोड़ा जिले के 197, बागेश्वर के 53, चमोली के 133, चंपावत के 55, देहरादून के 124, हरिद्वार के 24, नैनीताल के 82, पौड़ी के 315, पिथौरागढ़ के 224, रुद्रप्रयाग के 53, टिहरी गढ़वाल के268, ऊधमसिंह नगर के 21 और उत्तरकाशी जिले के 122 स्कूल शामिल है। यहां पर यह बताना आवश्यक है कि प्रदेश की बेसिक और माध्यमिक शिक्षा को पटरी पर लाने के लिए राज्य का शिक्षा विभाग अटल उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल विद्यालय, क्लस्टर विद्यालय जैसे तमाम प्रयोग कर चुका है ,लेकिन इन प्रयोगों के कोई उत्साह जनक नतीजे अब तक सामने नहीं आ सके और अब जबकि शिक्षा के क्षेत्र में फिनलैंड मॉडल अपनाने का दावा किया जा रहा है, सूबे के 1671 स्कूलों में ताला लटकने की रिपोर्ट शिक्षा विभाग के इस दावे की पूरी तरह हवा निकाल देती है। बहरहाल राज्य के सभी जिलों से बंद हो चुके सरकारी विद्यालयों की रिपोर्ट आने के बाद सरकारी स्तर पर अब यह है निर्णय किया गया है कि बंद हो चुके शासकीय विद्यालयों का इस्तेमाल आंगनबाड़ी केंद्र, होम स्टे, एएनएम सेंटर एवं पंचायतघर आदि के रूप में किया जाएगा, जिससे उपलब्ध भवन का इस्तेमाल होने से राज्य एवं राज्य की जनता का फायदा हो सके ।

समाजसेवी किशोर अरोरा का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रमुख व्यवसायी किशोर अरोरा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें दर्जनों लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।श्याम टॉकीज रोड स्थित गोल्डन एजेंसी के स्वामी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी किशोर अरोरा का जन्मदिन गत दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर तमाम लोगों ने उनके प्रतिष्ठान गोल्डन एजेंसी पर पहुंच कर केक कटवाते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री अरोड़ा को जन्मदिन की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से बैंक ऑफ बड़ोदा आवास विकास की शाखा प्रबंधक निकिता बरार,पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक, सीए अंकुर मित्तल, पंकज अरोड़ा,प्रदीप सेखों, पंकज सुखीजा,राकेश अग्रवाल,पम्मी सुखीजा,हरदयाल मदान,पुष्पा रानी,रीना सुखीजा, शिवांश सुखीजा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

बाबा तारक नाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के सुरेंद्र नगर के बाबा तारक नाथ धाम में कावड़िओं व हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुरेंद्र नगर के आस्था के प्रतीक पौराणिक शिव मंदिर जिसे बाबा तारक नाथ धाम के नाम से जाना जाता है। चैत्र माह को शिव आराधना के लिए विशेष माना जाता है। चैत्र माह में शिव भक्त प्रथम दिन से ही शिव भक्ति में लीन हो जाते है। माह भर शिव भक्त भगवान शिव को पूरा समय देकर भक्ति भाव से अपने आप को समर्पित कर देते है। क्षेत्रीय व दूर दराज से भक्त यहाँ पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। आज चैत्र माह के तीसरे सोमवार को प्रात:काल से ही हजारो की संख्या में शिव भक्त तारक नाथ धाम भगवान शिव के दर्शन व जलाभिषेक करने पहुँचे। हजारों श्रद्धालु कैलाश नदी से पवित्र जल भर कर भगवान शिव के तारक नाथ धाम के शिव मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया।पूरा माहौल भोले नाथ के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। चारों ओर बाबा के भक्तों की भीड़ नजर आ रही थी। कई भक्तों ने भोले बाबा को बेलपत्र, फूल,तुलसी व दूध से बाबा को नहलाया। वही मंदिर के ठीक पीछे बने तालाब जो की दूध पुकुर के नाम से जाना जाता है,उसमे भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई।तारक नाथ धाम पूजा कमेटी ने सभी भक्तो के सुविधा के लिए आवश्यक व्यावस्था की है। पूजा कमेटी द्वारा 10 अप्रेल से पांच दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें महा अविष्य, कांटा झांप कलकत्ता के चड़क बाबा द्वारा चड़क पूजा,शिव बारात,शिव विवाह,विशाल भण्डारा व मेले में विभिन्न दुकानें ,बड़े- बड़े झूले ,बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल कुद व सर्कस आदि आकर्षण का केंद्र रहेगा।

Guru Maa Advanced Dental Care
गुरु माँ एडवांस डेन्टल क्लीनिक
WORLD-CLASS DENTAL CARE NOW IN YOUR CITY
रुट कैनाल विशेषज्ञ
डेन्टल इम्प्लांट
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
invisalign
डॉ. आँचल ढींगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रुट कैनाल स्पेशलिस्ट, कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थैटिक डैन्टिस्ट
Guru Maa Advanced Dental Care "A Multi Speciality Dental Clinic"
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर | 7452880018, 05944-245666